शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक – 28/09/2024

“थाना कांट पुलिस द्वारा मोटरसाईकिल चोरी की घटना का 02 घण्टे में सफल अनावरण करते हुए मोटर साइकिल चोर को मय मोटर साइकिल के किया गिरफ्तार ”

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहांपुर के सतत मार्गदर्शन एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर महोदय श्री प्रयांक जैन के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कॉंट श्री अश्वनी कुमार के नेतृत्व में थाना कांट पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

विवरणः- आज दिनांक 28.09.2024 को थाना कांट पर वादी लक्ष्मीकान्त पुत्र विजय प्रकाश निवासी ग्राम कटैया थाना कॉंट जिला शाहजहांपुर की लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 509/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस0 बावत अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव पुत्र नाम नामालूम निवासी ग्राम मझरा नूरपुर करही थाना जलालाबाद जनपद शाहजहॉंपुर द्वारा वादी की मोटरसाइकिल नं0 UP 27 BK 3948 पण्डित ढाबा कस्बा कॉंट शाहजहॉंपुर से चोरी करने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया था। जिसके सम्बन्ध में तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना कॉंट के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धी रास्तों की सघन चैकिंग की गयी जिसके फलस्वरूप अभियुक्त धर्मेन्द्र यादव पुत्र जगपाल निवासी ग्राम मझरा नूरपुर करही थाना जलालाबाद जनपद शाहजहॉंपुर उम्र करीब 22 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर 02 घण्टे के अन्दर नहर कोठी थाना कॉंट के पास मय उक्त चोरी गयी मोटरसाइकिल के गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

पंजीकृत अभियोग का विवरण–

1. मु0अ0सं0 509/2024 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 बनाम धर्मेन्द्र यादव पुत्र जगपाल निवासी ग्राम मझरा नूरपुर करही थाना जलालाबाद जनपद शाहजहॉंपुर।

गिरफ्तारी का दिनांक , समय व घटनास्थल –

दिनांक 28/09/24 समय 15.49 बजे , नहर कोठी थाना कांट जनपद शाहजहॉंपुर।

बरामदगी का विवरण–

एक अदद मोटरसाइकिल नं0 UP 27 BK 3948

विवरण गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 श्री रामसुन्दर यादव
2. हे0का0 302 शहनवाज आलम
3. का0 1729 अनिल कुमार